## खबर संक्षेप



### समय पर अस्पताल नहीं पहुंचते चिकित्सक

**मनेन्द्रगढ़।** केल्हारी के शासकीय अस्पताल में मनमानी के चलते ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ रहा है। यहां पदस्थ डॉक्टर समय पर अस्पताल नहीं पहुंचते। डॉक्टर के आने-जाने का कोई समय भी निश्चित नहीं है, इससे ग्रामीण परेशान होते रहते हैं। कोई भी डॉक्टर समय पर उपलब्ध नहीं होते। इस संबंध में केल्हारी निवासी प्रमोद तिवारी ने बताया कि गुरूवार की सुबह वे अपने बच्चे के पेट दर्द होने पर उसे उपचार कराने के लिए केल्हारी अस्पताल ले गए थे, काफी देर तक अस्पताल में रहे, लेकिन जब डॉक्टर नहीं आए तो मजबूरी में उन्हें प्राइवेट अस्पताल में जाकर अपने बच्चों का इलाज कराना पड़ा। ऐसे एक नहीं कई मामले हैं, जहां डॉक्टर समयानुसार अस्पताल में नहीं पहुंचते हैं और मरीज परेशान होते रहते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नाम का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बना है। इस संबंध में लोगों ने कलेक्टर एमसीबी से अपील किया है कि अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्था की दिशा में उचित पहल करें, इससे ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।

### पुनर्गठन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक 16 को

**बैकुण्ठपुर।** नार्को समन्वय केन्द्र का पुर्नगठन (एनसीओआरडी) की जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में 16 जुलाई को समय-सीमा की बैठक के पश्चात आयोजित की गई है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को जानकारी के उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### समिति का गठन, अशोक नपं जनकपुर अध्यक्ष नियुक्त

**मनेन्द्रगढ़।** राज्य शासन द्वारा छग नगर पालिका अधिनियम 1961 के अधीन नगर पंचायत जनकपुर



जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के परिषद के कार्यक्रमों के संचालन के लिए समिति का गठन किया है। नगर पंचायत जनकपुर में अध्यक्ष अशोक सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती कुसुम बैगा को नियुक्त किया गया है। वहीं नगर पंचायत जनकपुर में सदस्य के रूप में राजेश मिश्रा, श्रीमती सीमा तिग्गा, सुल्तान खान, श्रीमती नीरा बैगा, श्रीमती शांति यादव एवं महेश अहिरवार को नामांकित किया गया है। उपरोक्त आदेश छग के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार उप सचिव रेणुका श्रीवास्तव द्वारा जारी किया गया है।

### सोनहत पुलिस ने वाहनों की जांच की



**बैकुण्ठपुर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा वाहनों की जांच पड़ताल की जाती है। वहीं यातायात पुलिस के द्वारा भी एनएच के विभिन्न मार्गो पर वाहनों की जांच का कार्य आए दिन की जाती है। 11 जुलाई को सोनहत पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम नौगई पहाड़पारा मुख्य मार्ग पर घंटों सघन जांच अभियान टीआई हेमंत अग्रवाल की उपस्थिति में चलाकर कई वाहनों की जांच की जाती रही। इस दौरान कई वाहनों पर आवश्यक कागजात नहीं होने पर समंस शुल्क भी ली गई। जांच के दौरान कई लोगों के द्वारा पुलिस जांच से बचने के लिए इधर-उधर बचते दिखाई दिए।

## निधन

### राहुल सिंह

**डोमनहिल।** क्षेत्र के हल्दीबाड़ी में संचालित स्वाद



रेस्टोरेंट के संचालक राहुल सिंह का हृदय गति रूकने के कारण गुरूवार को मौत हो गई। वे 41 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 12 जुलाई को हल्दीबाड़ी स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। राहुल सिंह की दो पुत्री थी।

पेज 1 का शेष...

### 29 पुलिस अधिकारियों...

हेमंत शर्मा थाना चिरमिरी से थाना मनेन्द्रगढ़, शैलेन्द्र केशरवानी थाना चिरमिरी से रक्षित केन्द्र मनेन्द्रगढ़, प्रिंस राय थाना कोटाडोल से थाना मनेन्द्रगढ़ एवं शंभू यादव चौकी कुंवारपुर से चौकी खोंगापानी पदस्थ किए गए हैं। इसी प्रकार आरक्षकों में जुगेश जायसवाल रक्षित केन्द्र मनेन्द्रगढ़ से थाना चिरमिरी, रूपेश गुप्ता रक्षित केन्द्र मनेन्द्रगढ़ से थाना मनेन्द्रगढ़, दिनेश्वर यादव रक्षित केन्द्र मनेन्द्रगढ़ से थाना चिरमिरी, प्रमोद रौतिया रक्षित केन्द्र मनेन्द्रगढ़ से थाना चिरमिरी, शैलेन्द्र सिंह रक्षित केन्द्र मनेन्द्रगढ़ से चौकी कुंवारपुर, सुरेन्द्र सिंह थाना मनेन्द्रगढ़ से थाना खड़गवां, प्रसन्न मोहंती रक्षित केन्द्र मनेन्द्रगढ़ से चौकी कुंवारपुर, विजय विश्वकर्मा रक्षित केन्द्र मनेन्द्रगढ़ से थाना चिरमिरी, दिनेश यादव चौकी नागपुर से रक्षित केन्द्र मनेन्द्रगढ़, संजय सिंह थाना जनकपुर से थाना पोंड़ी, मो.शहबाज थाना पोंड़ी से चौकी नागपुर, निजामुद्दीन थाना चिरमिरी से थाना झगराखांड एवं महिला आरक्षक साधना सरोज एक्का को थाना मनेन्द्रगढ़ से कंट्रोल रूम पदस्थ की किया गया है। एसपी चंद्रमोहन सिंह सभी स्थानांतरित पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को नवीन पदस्थापना स्थल के लिए तत्काल आमद देना सुनिश्चत करने के लिए आदेशित किया है।

### 32 सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

# राजस्व समेत आय, जाति, निवास के कामकाज हो रहे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे पटवारी।

32 सूत्रीय मांगों को लेकर राजस्व पटवारी संघ की हड़ताल बीते 8 जुलाई से आरंभ है। हड़ताल कर रहे पटवारियों का कहना है कि आनलाइन नक्शा बटांकन, संशोधन पहले पटवारी आइडी में संबोधित कर राजस्व निरीक्षक की आइडी में भेजा जाता है, इसके कारण जब तक राजस्व निरीक्षक आइडी से अनुमोदन नहीं होता, तब तक उसी नक्शे से संबंधित अन्य बटांकन या संशोधन नहीं किया जा सकता, इसके कारण अनावश्यक विलंब होता है एवं पटवारी द्वारा अनुमोदन के लिए भेजा गया नक्शा बटांकन प्रस्ताव पटवारी आइडी में नहीं दिखता है, इससे त्रुटि की संभावना रहती है।

सामान्यतः नक्शा सर्वर अधिकांशतः नहीं खुलता है और खुलता भी है तो अत्यंत ही धीमा रहता है। हड़ताल के चौथे दिन संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष सुरेन्द्र पाल सिंह ,जिले के अध्यक्ष गिरिजेश कुमार, तहसील अध्यक्ष दिपेन्द्र पाल सिंह, नागेन्द्र नारायण सिंह, राकेश तिवारी, सोनू तोमर, सिमोन लाल, चंदा भगत, मंजूलता सिंह, छाया गुप्ता, सुनैना सिंह, रंजीता लकड़ा, रमेश राम, दीपक खलखो सहित जिलेभर के पटवारी काफी संख्या में मौजूद रहे।

**ये है प्रमुख मांग-** जिले स्तर पर सहायक प्रोग्रामरों की पदस्थापना की जाए, अभी छोटी-छोटी समस्या के लिए प्रोग्रामरों के निर्देशन की आवश्यकता पड़ती है एवं बार-बार रायपुर बुलाया जाता है जो कि व्यवहारिक नहीं है। खाते में आधार, मोबाइल नंबरों की कम एंट्री होने के कारण कार्रवाई की जा रही है, जोकि अनुचित है। आनलाइन रजिस्ट्री होने के बाद नामांतरण के लिए पटवारी आइडी में आता है। इसमें क्रेता-विक्रेता से संबंधित सभी जानकारी अंग्रेजी में दर्ज रहता है, जिसे हिन्दी में टाइप करना पड़ता है, इसके कारण कई बार समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लिपिकीय त्रुटि होना संभाव्य है, इसके लिए पटवारियों को दोषी समझा जाता है। इस पर सुधार की जरूरत है। तात्कालीन समय में संबंधित पटवरियों द्वारा किसी एक पक्षकार की अनुपस्थिति में नक्शा बटांकन कर दिया जाता है। अधिकारियों के अत्यधिक दबाव के कारण ऐसे नक्शे का बटांकन करने से भूमि स्वामियों का हित प्रभावित हो रहा है, इससे अनावश्यक विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। इसमें पटवारियों को दोषी ठहराया जा रहा है। भुइयां पोर्टल में फौती नामांतरण के अभिलेख दुरूस्ती करने पर फौत व्यक्ति के वारिसानों का नाम दर्ज होता है, किंतु अन्य शामिल खातेदारों का नाम संबंधित खाते से विलोपित हो जाता है, इससे त्रुटि सुधार का धारा 115 में प्रकरण दर्ज करवाना पड़ता है, जो त्रुटि सुधार में पेंडेंसी का बहुत बड़ा कारण होता है। रजिस्ट्री नामांतरण के लिए जो प्रकरण पटवारी आइडी में उपलब्ध होते हैं, उसमें नाम, पिता का नाम दर्ज करने का विकल्प दुबारा नहीं रहता है। विकल्प नहीं होने के कारण अगर किसी नामांतरण में मानवीय भूलवष कोई लिपकीय त्रुटि होती है तो उसके सुधार की कोई गुंजाइश नहीं होने से धारा 115 में त्रुटि सुधार का एक और प्रकरण दर्ज करवाना पड़ता है ,इससे हितग्राही परेशान होता है, जिसका सारा दोषारोपण पटवारियों पर थोपा जाता है, जबकि इसमें सुधार कर कम से कम एक बार लिपकीय सुधार करने का विकल्प पटवारी आइडी में दिया जाना चाहिए। भुइयां साफ्टवेयर में उपरोक्त विसंगतियों के कारण एक ओर जहां पटवारियों को कार्य करने में परेशानी हो रही हैं, वहीं दूसरी ओर खाताधारकों, भूमि स्वामियों, कृषकों को भी अनावश्यक न्यायालयीन कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है। खाताधारकों (कृषकों) के हित में साफ्टवेयर में आवश्यक सुधार की मांग की है। भुइयां साफ्टवेयर में आवश्यक सुधार करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदारी भी तय की जाए तथा दोषी पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। पटवारियों को प्रताड़ति करने के बजाए पटवारी का पद ही समाप्त कर दिया जाए।



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर ।

# शासकीय योजनाओं को हितग्राहियों तक पहुंचाने का करें प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

कलेक्टर डी.राहुल वेंकट बुधवार को समय-सीमा की बैठक में विभाग वार लंबित प्रकरणों पर भी चर्चा की। इसमें न्यायालय प्रकरण अन्य लंबित प्रकरणों में राजस्व जिला पंचायत वरिष्ठ लिपिक शाखा, न्यायिक शाखा, वन विभाग, भू-अर्जन शाखा, पुरातत्व शाखा, खाद्य विभाग, जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा, आदिवासी विभाग, जल संसाधन विभाग, स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खनिज, श्रम, समाज कल्याण, लोक निर्माण, लीड बैंक, महिला एवं बाल विकास, खेल विभाग, आबकारी, जनपद पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम, नगर पंचायत, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, एसईसीएल, कृषि विभाग इत्यादि के प्रकरणों पर क्रमवार चर्चा करते हुए उन्होंने स्वीकृत हुए कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने समस्त विभागों को जैम पोर्टल से सामग्री खरीदने के लिए रजिस्ट्रेशन की स्थिति जांच कर यथास्थिति से विभागों को अवगत कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने डीएमएफ मद से जो आवश्यक कार्य उनके प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने आमाखेरवा में बनने वाले जिला अस्पताल, आयुर्वेद अस्पताल, सीएमएचओ ऑफिस का चिन्हांकन करने के लिए निर्देश दिए, इसके लिए उन्होंने तहसीलदार और सीजीएससी के कर्मचारी को संयुक्त दौरा करने के निर्देश दिए।

शासकीय सेवा से अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त, मृत होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के पेंशन, लंबित पेंशन एवं सामान्य भविष्य निधि के प्रकरणों का शासन द्वारा समय-समय पर जारी-निर्देशों के अनुसार समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। नगर पंचायत सीएमओ मनेन्द्रगढ़ तथा नगर पंचायत खोंगापानी को एसईसीएल की अवैध कब्जा किए गए क्वार्टरों को जिला अधिकारियों के लिए खाली कराने के निर्देश दिए।

# अहिंसा रथ यात्रा का मनेन्द्रगढ़ में किया गया अभूतपूर्व स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

भगवान महावीर स्वामी के 2550 वें निर्वाणोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में श्री अंहिसा रथ यात्रा पूरे भारत भ्रमण के लिए निकली है। इस यात्रा के मनेन्द्रगढ़ पहुंचने पर जैन धर्मावलंबियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर गुरुवार को प्रातः मुंबई शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गो से अहिंसा परमो धर्म, जियो और जीने दो का संदेश देते हुए गुजरी। बुधवार की शामरथ यात्रा मनेन्द्रगढ़ नगर पहुंची। शाम 7:30 बजे से श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सिविल लाइन में रथ में विराजमान श्री जी की महाआरती की गई। इसी तारतम्य में गुरुवार प्रातः 7:30 बजे श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के समक्ष में रथ में विराजमान श्री जी का अभिषेक, शांति धारा एवं पूजन किया गया। तत्पश्चात उक्त रथ की शोभायात्रा नगर में निकाली गई। इस अवसर पर रितेश जैन, संतोष जैन नाहर, विजयंत जैन, रवि जैन, आशु जैन, ज्ञानचंद जैन, सुनील कुमार जैन, अनुराग जैन, विजय जैन, सौरभ जैन, अखिलेश जैन, सुनील जैन, विजय जैन, विवेक जैन, ओम प्रकाश जैन, श्रीमती प्रभा जैन, आशा जैन, सिम्मी जैन, लक्ष्मी देवी जैन, अर्चना जैन, उषा जैन, कमला देवी जैन, वंदना जैन, मुक्ति जैन समेत समाज की सभी जन उपस्थित रहे। आयोजन के उपरांत रथ पेण्ड्रा के लिए रवाना हो गया।

### फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 तक

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत खरीफ वर्ष 2024 के लिए बजाज एलियांज कंपनी को राज्य शासन द्वारा अधिकृत किया गया है। फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। उप संचालक कृषि से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के किसानों से अपील की है कि प्राकृतिक व स्थानीय आपदा, कीट, बीमारियों से होने वाले नुकसान तथा फसल कटाई उपरांत होने वाले नुकसान से बचाव के लिए अधिसूचित फसलों का बीमा अवश्य कराएं। उप संचालक ने बताया है कि अधिसूचित फसलों में धान सिंचित, धान असिंचित, उड़द, मूंग, मूंगफली, कोदो, कुटकी, मक्का, अरहर, रागी एवं सोयाबीन शामिल हैं। इन फसलों का प्रति हेक्टेयर, प्रीमियम राशि धान सिंचित 1000, धान असिंचित 800, उड़द 440, मूंग 440, मूंगफली 840, कोदो 320, कुटकी 170, मक्का 700, अरहर 600, रागी 150 एवं सोयाबीन 300 रूपए निर्धारित किया गया है।

# कोल इंडिया की सीएसआर पहल से मिलेगी आर्थिक मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित सीविल सेवा परीक्षा के लिए हर साल लगभग 10 लाख अभ्यर्थी आवेदन करते हैं।

सीआईएल ने अपने खनन वाले जिलों से यूपीएससी सीविल

**खास बात**

- यूपीएससी के अभ्यर्थी होंगे लाभांवित

सेवा और वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 में उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों को 1 लाख रूपए की वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उतरदायित्व गतिविधियों के तहत निर्माण (नीरमैन नोबल ईनीटेएटिव फॉर रिवार्डिंग मैंस एस्पिरेंट्स ऑफ नेशनल सिविल सर्विस इक्जामिशन) योजना की शुरूआत की है। इस योजना का उद्देश्य विकसित भारत 2047 के स्वप्न को साकार करने के लिए कोयलांचल के प्रतिभाशाली जरुरतमंद कर्मयोगियों को परीक्षा के अगले चरणों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करना है।

### क्या है पात्रता के मापदंड

यह योजना ऐसे युवाओं के लिए हैं, जो वर्ष 2024 में यूपीएससी द्वारा आयोजित सीविल सेवा और वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 में उत्तीर्ण हुए हो, कोल इंडिया लिमिटेड अनुषंगी कंपनियों के किसी भी खनन जिले के स्थायी निवासी हो तथा जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 8 लाख रूपए से कम हो तथा उम्मीदवार यदि पुरूष हो तो अनुसूचित जाति, जनजाति का हो अथवा महिला या थर्ड जेंडर हो। वहीं केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, केन्द्र शसित प्रदेश प्रशासन-सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के स्थायी कर्मचारी। कोल इंडिया लिमिटेड उसकी किसी अनुषंगी कंपनी के कर्मचारियों के वार्ड बच्चे योजना के तहत आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

### निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व

कोल अफसरों का कहना है कि निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व की अवधारणा सभी क्षेत्रों में प्रमुख रूप से उभर रही है। कोल इंडिया लिमिटेड ने सीएसआर को सतत विकास के सामरिक साधन के रूप में अपनाया है। सीआईएल द्वारा सीएसआर केवल सामाजिक गतिविधियों के लिए धन निवेश ही नहीं अपितु सामाजिक प्रक्रियाओं के साथ व्यापार के एकीकरण के रूप में देखा जाता है।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर कार्यशाला

**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग में कार्यशाला का आयोजन किया गया। 11 जुलाई को सारी दुनिया में जनसंख्या दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 1989 में यूनाईटेड नेसंस डेवलपमेंट प्रोग्राम की गवर्निंग कॉउंसिल ने 11 जुलाई की तिथि को विश्व जनसंख्या दिवस के तौर पर मनाने का फैसला किया था। 11 जुलाई 1990 से यह दिन विश्व जनसंख्या के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष 2024 विश्व जनसंख्या दिवस का थीम लीव नो वन बिहाईन्ड काउंट एवरी वन मतलब किसी को पीछे न छोड़े सबकी गिनती करें। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में बढ़ती आबादी के कारण होने वाले दुष्प्रभावों और इससे जुड़े सभी मुद्दो की ओर लोगों का ध्यानाकर्षित कर उन्हें जागरूक करना है, इसके बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया, साथ ही जनसंख्या की महत्व एवं जनसंख्या नियंत्रण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। जनसंख्या के प्रभाव जैसे- गरीबी, जच्चे-बच्चे का स्वास्थ्य, लैंगिक समानता, परिवार नियोजन, वातावरण, मानव अधिकार सभी का प्रभावित होना है। उक्त कार्यशाला का आयोजन एवं प्रस्तुतीकरण असिस्टेंट प्रोफेसर मिसेज कौशिल्या मराबी के द्वारा प्राचार्य डॉ. अंजना समुएल के मार्गदर्शन अन्य शिक्षकों की उपस्थिति में संपन्न किया गया।



कार्यशाला को संबोधित करती प्रोफेसर।

# अवैध कार्यों पर नहीं लग रही लगाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजूरी

**खास बात**

- कबाड़ चोरों को पकड़ने में असफल है पुलिस

थाना क्षेत्र अंतर्गत खुलेआम अवैध कार्य करने वालों की संख्या में दिनों-दिन इजाफा होता जा रहा है। स्थानीय पुलिस प्रशासन इन पर नकेल कसने में नाकाम साबित हो रही है। अवैध कबाड़ का धंधा करने वालों में इन दोनों आपसी प्रतिस्पर्धा इतनी बढ़ गई है कि कौन कितना लोहे की चोरी कर सकता है, यह बात चर्चा का विषय है।

कबाड़ी आम नागरिकों के निजी आवासों, शासकीय संस्थान एवं बंद पड़ी कोयला खदानों से दिनदहाड़े चार पहिया वाहन में चोरी का लोहा लोड कर गंतव्य तक पहुंचाते हैं। दिन-रात घातक हथियारों से लैस दर्जनभर से अधिक कबाड़ी लोगों के घरों कालरी परिसर में प्रवेश कर लोहे से निर्मित ग्रिल, गेट, दरवाजे, खिड़की व कोई भी सामान उठाकर ले जाते हैं और सस्ते दामों में बेच देते हैं। कबाड़ियों के मुखबीर दिनभर लोगों के यहां घूम-घूम कर यह देखते रहते हैं कि लोहे का सामान कहां रखा हुआ है, फिर मौका देख पार करने से नहीं चूकते।

बिजुरी थाना क्षेत्र का तो ऐसा हाल है कि यहां पर एसईसीएल की बंद पड़ी खदानों से प्रतिदिन सैकड़ों टन लोहा पार किया जा रहा है। बिजुरी थाना क्षेत्र के कपिलधारा कॉलोनी में एसईसीएल द्वारा कॉलोनी की सुंदरता के लिए जगह-जगह पार्क निर्माण कराया गया था। पार्क में चारों तरफ लोहे की ग्रिल लगाई गई थी, जिसमें 80 प्रतिशत ग्रिल कबाड़ी चोरी कर ले गए, इससे आम आदमी अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहा है।

**जगह-जगह सट्टा का हो रहा संचालन :** शिक्षित, बेरोजगार युवा इन दोनों अवैध कारोबार सट्टा में पूरी तरह लिप्त है, थाना क्षेत्र में सट्टे का व्यापार जमकर फल-फूल रहा है। इस धंधे में बेरोजगार युवक, मजदूर वर्ग भी एक का 80 पाने के चक्कर में अपनी दिनभर की मजदूरी, मेहनत का रूपए लगा देते हैं और अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं।

**रोज हो रहा कोयला पारः** जिले के आमाडांड़ राजनगर खुली कोयला खदानों से कोयला तस्कर नियमित रूप से हाई लेवल की सेटिंग कर प्रतिदिन सैकड़ों टन कोयला पार कर रहे हैं। कई बार शिकायत के आधार पर उक्त खदानों में कोयला चोरी करते वाहन जब्त किए गए हैं।

### वनमंडल द्वारा एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण

# हर साल एक पेड़ लगाने का संकल्प लें

**बैकुण्ठपुर।** विकासखंड़ सोनहत के ग्राम आनंदपुर में गुरूवार को वनमंडल कोरिया द्वारा वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने पौधरोपण के अवसर पर विचार साझा करते हुए कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में पेड़-पौधे का बड़ा महत्व है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की मंशानुरूप हम सब जिले में मां के नाम एक पौधा लगा रहे हैं, सभी विभागों को समन्वित रणनीति के तहत पौधा लगाने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर श्री लंगेह ने बताया कि जिले के विभिन्न नर्सरी केन्द्रों में निःशुल्क पौधा वितरण किया जा रहा है। हम सबको पौधे के संरक्षण करने की आवश्यकता है। हम सबको अपनी धरती के हर साल एक पौधा लगाने, बचाने का संकल्प भी लेना होगा। कलेक्टर ने इस अवसर पर एक नीम का पौधा रोपण भी किए। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। उन्होंने सभी ग्रामीणों व जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सबकी सहभागिता जरूरी है, हर व्यक्ति पौधा जरूर लगाएं, उसकी देखभाल भी अच्छी तरह से करें। नीम का पौधरोपण करते समय एसपी श्री परिहार ने कहा कि मौसम खुशनुमा भी है। जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि हरियाली धरती मां की श्रृंगार है। इस श्रृंगार को बचाने की सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने मां के नाम एक नीम का पौधरोपण किया। इसी बीच बारिश होने लगी, तब सीईओ श्री चतुर्वेदी ने मुस्कराते हुए कहा कि आकाश से भी पौधा लगाने के लिए भरपूर आशीर्वाद मिलने जा रहा है। गुरु घासीदास राष्टीय उद्यान के संचालक सौरभ सिंह ठाकुर ने पौधरोपण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने हर व्यक्ति को पौधरोपण के लिए प्रोत्साहित किए। वनमंडलाधिकारी श्रीमती प्रभाकर खलखो ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना जरूरी हैं। ये हमें जीवन के लिए आक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छांव देते हैं। धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधरोपण का संकल्प लेते हुए एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए।



कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर व अन्य।

# अमर शहीदों के नाम पर किया पौधरोपण

**मनेन्द्रगढ़।** ग्रीन वैली फाउंडेशन मनेन्द्रगढ़ के द्वारा क्षेत्र को हरा भरा बनाए रखने की दिशा में सतत पौधरोपण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा एक पेड़ मां के नाम की अपील का भी क्षेत्र में व्यापक असर देखने को मिल रहा है, तो वहीं ग्रीन वैली फाउंडेशन के पदाधिकारी इस अभियान के साथ एक नया प्रयोग कर रहे हैं। दुनियाभर में जहां लोग अपने परिवार के लोगों के नाम पर पौधरोपण कर रहे हैं, वहीं मनेन्द्रगढ़ में ग्रीन वैली फाउंडेशन अमर शहीदों की शहादत को अमर बनाए रखने के उद्देश्य से पौधरोपण कर रही है ,जिसका शहर में व्यापक असर देखने को मिल रहा है। अमर शहीदों के नाम पौधरोपण अभियान इस पहल के शुभारंभ अवसर पर ग्रीन आनंद जायसवाल ने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन के लिए आवश्यक है। स्वैच्छिक रूप से पौधरोपण कर पौधरोपण अभियान को सफल करने का आह्वान किया और जोर दिया कि वृक्षों को लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा भी करनी होगी। इस अवसर पर ग्रीन आनंद जैन (मैकेनिकल इंजीनियर), पूर्व पार्षद जमील, रामधुन जायसवाल, राशिद खान सहित अन्य पर्यावरण प्रेमियों द्वारा शहीदों के नाम पौधरोपण किया गया।

